DEPARTMENT OF POLITICAL SCIENCE
D.B. COLLEGE, JAYNAGAR

BY:DR. ANANTESHWAR KUMAR YADAV
(ASSIST. PROFESSOR, GPTT)

B.A. PART-III Public Administration - paper - V

LALIT NARAYAN MITHILA UNIVERSITY, DARBHANGA-846004(BIHAR)

Ref. No................ SEP- LECTURE-01 Date. 01/09/2020

लोक प्रशासन का अर्थ एवं परिभाषा
(Meaning of public Administration)

वर्तमान सभ्यता की पहचान और शासकीय व्यवस्था के केन्द्र विन्दु के रूप में स्थापित लोक प्रशासन का सम्बन्ध राज्य व उसके प्रशासन से है। जब व्यापक सामाजिक हित में मानवीय व्यवहारों को नियंत्रित करने की आवश्यकता हुई तो राज्य एवं प्रशासन का जन्म हुआ और उसी के साथ लोक प्रशासन भी जुड़ गया पहले प्रशासन का कार्य केवल राज्य सत्ता को बनाये रखने से सम्बन्धित रहा लेकिन वाद में उसका झुकाव जन समस्याओं के निराकरण की ओर हुआ वास्तविकता तो यह है कि जन आवश्यकताओं की पुर्ति किये बिना राज्यसत्ता को कायम नही रखा जा सकता है। अर्थात प्रशासन के लिये जनहित से जुड़ना अनिवार्य है। जब प्रशासन के द्वारा जनहित के कार्यो का सम्पादन शुरु हुआ है। तो उसे लोक प्रशासन का नाम दे दिया गया है। ऐसे एक स्वतंत्र विषय के रूप मे लोक प्रशासन का इतिहास सन् 1887 से प्रारम्भ होता है। साधारणत: लोक प्रशासन को ही एक पर्यावरण सम्बद्ध, मूल्य सम्बद्ध, विकास उन्मुख तथा नवीन सामाजिक विज्ञान माना जाता है।

P.T.O.

Scanned with CamScanner

लोक प्रशासन का अंग्रेजी अनुवाद 'public Administration' होता है। जो 'public + Administration' जैसे दो शब्दों के संयोग से बना है। प्रथम शब्द ('public' लैटिन भाषा के शब्द 'publicus' से बना है। जिसका अर्थ ('पीपुल' या 'लोग' होता है। द्वितीय शब्द 'Administration' (भी दो लैटिन शब्द Ad + 'ministrare' के संयोग से बना है। जिसका अर्थ होता है। प्रबन्ध करना, सेवा करना या देखभाल करना। जब हम 'public' और 'Administration' दोनो शब्दों को संयुक्त करते हैं तो 'public Administration' होता है) जिसका अर्थ होता है। जनता की सेवा करना, जनता की ओर ध्यान देना या जनता की देखभाल करना। स्पष्टत: शाब्दिक दृष्टिकोण से वैसे प्रशासन को लोक प्रशासन कहा जायेगा जो जनता के हित में संगठित हो। वास्तव में लोक प्रशासन कुछ और नहीं बल्कि जनता के हित में जनता का और जनता के द्वारा संचालित प्रशासन है।

परिभाषायें — ① वुडरो विल्सन के अनुसार ⇒ "लोक प्रशासन विधि या कानून को विस्तृत एवं क्रमबद्ध रूप से कार्यान्वित करने का नाम है। और कानून क्रियान्वयन की प्रत्येक क्रिया एक प्रशासनिक क्रिया है।"

② साइमन के शब्दों में ⇒ " जनसाधारण की भाषा में लोक प्रशासन से अभिप्राय उन क्रियाओं से है जो केन्द्र राज्य तथा स्थानीय सरकारों की कार्यपालिका शाखाओं द्वारा सम्पादित की जाती है।"

Scanned with CamScanner

(3) डिमॉक के अनुसार – प्रशासन का सम्बन्ध सरकार के 'क्या' और 'कैसे' से है।

ई. एन ग्लेडन ने कहा है कि "लोक प्रशासन में लोकपदाधिकारियों के समस्त कार्य सम्मलित है। जिनका सम्बन्ध प्रशासन से है। चाहे वह प्रशासक हो या कलर्क लोकप्रशासन के अति व्यापक दृष्टिकोण के सन्दर्भ में प्रो० L.D.White की परिभाषा अत्याधिक मान्य है। जो इस प्रकार है। "लोक प्रशासन में वे सभी कार्य समाहित हो जाते है। जिनका उद्देश्य लोक निति को सम्पादित एवं क्रियान्वित करना होता है।

– लोक प्रशासन का विषय के रूप में उद्भव सन 1887 में वुड्रो विल्सन के लेख "The study of Administration" (political science quarterly) में प्रकाशित से हुआ इस लिये वुड्रो विल्सन को लोक प्रशासन का जनक कहा जाता है। ये अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति भी थे।

(समाप्त)

Scanned with CamScanner